Ph. 05949 - 282140
राजकीय स्नातकोत्तरमहाविद्यालय
बाजपुर (ऊधमसिंह नगर) उत्तराखण्ड
website-www.gpgcbazpur.in email id- gdcbazpur@rediffmail.com

## IQAC Meeting Session 2017-18

DATE: / /
PAGE NO. 14

बैठक कार्यवाही दिनांक: 26/5/2018

आज दिनांक 26/5/2018 को दोपहर 2:30 बजे महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में आई० क्यू० ए०सी० (आन्तरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ) के संयोजक/सदस्यों की एक बैठक आयोजित की गयी जिसमें महाविद्यालय के नैक प्रत्यायन की पूर्व तैयारी हेतु निम्न बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया तथा निर्णय लिया गया कि निम्नलिखित कार्य आगामी जुलाई माह के अन्त तक पूर्ण कर लिये जायें।

(1) सभी विभागाध्यक्ष विभागीय प्राध्यापकों के सहयोग से विगत सत्रों का तथा वर्तमान सत्र का परीक्षाफल विधिवत तैयार करेंगे तथा नैक प्रभारी द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूची के अनुसार समस्त पत्रावलियाँ तैयार कर विभाग में रखना सुनिश्चित करेंगे।

(2) शिक्षण सत्र 2017-18 में विभागीय परिषद द्वारा सम्पादित कराये गये क्रिया कलापों की आख्या तैयार करना सुनिश्चित करें।

(3) पुस्तकालय हेतु सन्दर्भ ग्रन्थों व आवश्यक पाठ्य पुस्तकों का क्रय किया जाय। इस हेतु समस्त विभागों से सन्दर्भ ग्रन्थों व अति आवश्यक पाठ्य पुस्तकों की सूची उनके लेखक प्रकाशक व प्रकाशन स्थल सहित प्राप्त कर ली जाय।

(5) महाविद्यालय के विभिन्न क्रिया कलापों के

Ph. 05949 - 282140

# राजकीय स्नातकोत्तरमहाविद्यालय

बाजपुर (ऊधमसिंह नगर) उत्तराखण्ड

website-www.gpgcbazpur.in email id- gdcbazpur@rediffmail.com

DATE: / /
PAGE NO. 15

सम्पादन हेतु कम्प्यूटर प्रिन्टर आदि क्रय किये जाने हेतु कार्यालय को अवगत कराया जाय।

6- महाविद्यालय में छात्र संख्या के अनुपात में उनके बैठने हेतु कुर्सी मेज का अभाव है अतः छात्र-छात्राओं की बैठक व्यवस्था हेतु छात्र कुर्सी मेज क्रय किये जाने हेतु कार्यालय को अवगत कराया जाय।

7- प्राध्यापक गणों के बैठने हेतु कुर्सी मेज तथा विभिन्न पत्रावलियों के रखरखाव हेतु अलमारियों की व्यवस्था करने हेतु कार्यालय को अवगत कराया जाय। प्राचार्य कक्ष हेतु 02 सोफा सैट की व्यवस्था भी की जाय।

26/5/18

प्रतिहस्ताक्षरित

26/05/18

डॉ० रतन श्रीवास्तव
प्रभारी प्राचार्य
एवं अध्यक्ष IQAC

Seen
28.5.18

1- डॉ० प्रदीप कुमार जोशी
संयोजक IQAC

GPGC Bazpur

2- डॉ० विद्या राय (सदस्य)

26/5/18

3- डॉ० सत्य प्रकाश शर्मा (सदस्य)

26/05/18

4- डॉ० अतुल उप्रेती सदस्य

26/5

5- डॉ० सूरज पाल सिंह